Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 03-08-2006

Participants : Virendra Kumar Shri

>

Title : Need to construct bypass to avoid demolition of residences in villages and towns of Sagar Constituency in Madhya Pradesh during construction of four lane Express Highway.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के राट्रीय राजमार्ग के 4 लेन एक्सप्रैसवे का उन्नयन होने जा रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में उसका सर्वे भी प्रारंभ हो गया है। सर्वे टीम ने सीमांकन प्रारंभ कर दिया है। इससे क्षेत्र के मालथौन, बरोदिया, रजवांस, बांदरी, मेहर, गौरझामर और सुर्खी आदि गांवों एवं कस्बों सहित अन्य दूसरे राज्यों के वह सभी गांव एवं कस्बे जो इस मार्ग में आ रहे हैं, वहां आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के मकान एवं दुकान होने से वे लोग भयभीत हो रहे हैं कि उनकी जिन्दगी भर की कमाई से बने मकान एवं दुकानें चली जाएंगी और वे सड़क पर आ जाएंगे। फिर नये सिरे से परिवार की रोज़ी रोटी के लिए संघर्ा करना पड़ेगा क्योंकि मुआवज़े के रूप में जो राशि मिलने वाली है वह भी बहुत कम होती है। अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि जिस तरह से शहरों के बाहर से बाय पास होकर एक्सप्रैस हाइ वेज़ का निर्माण किया जा रहा है, उसी प्रकार गांवों एवं कस्बों के गरीबों का ध्यान रखते हुए वहां भी बाय पास मार्गों का निर्माण कराएं।